
Swarn Shilp®
CHAINS & JEWELLERS PVT. LTD.
An exclusive AR brand

# आभूषण टाइम्स

My GOLD
18kt Designer Jewellery

मुंबई | email : aabhushantimes@gmail.com / www.aabhushantimes.com | अप्रैल 2023



RNI No. MAHHIN/2008/24974, Regd No. MCS-206/2022-24, Post at Mumbai Patrika Channel Stg. Office, Mumbai G.P.O., Mumbai-01,
Posting Date-14-15 Every Month, Publishing Date 14 Every Month

आभूषण टाइम्स

वर्ष : 16 | अंक : 02 | अप्रैल 2023 | मासिक | पृष्ठ : 42 | मूल्य :₹ 50

- **आभूषण टाइम्स के 15 साल**
  ज्वेलरी व्यापारियों के साथ कदम मिलाकर चलते रहने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा

- **गोल्ड सबसे हाई लेवल पर**
  केवल डेढ़ दशक में 10 हजार से 60 हजार पार पहुंचा गोल्ड


- **सिल्वर की शाइनिंग का समय**
  ज्वेलरी में सिल्वर की सेल लगातार बढ़ रही

**15 Years ANNIVERSARY**
*Celebration of Abhushan Times*




integriti

A LIFE STYLE BRAND FROM KKCL KEWAL KIRAN CLOTHING LIMITED


SHANTI
GOLD
International Ltd.
Be Unique,
Be Special,
Be Pretty
+91 9819514517
order@shantigold.in
www.shantigold.in
Andheri East


GM
SWITCH TO A BETTER WORLD
INTRODUCING THE DASHING FATHER - DAUGHTER DUO!
A WARM WELCOME TO ATHIYA SHETTY TO THE GM FAMILY.
STAY TUNED FOR THE BIGGEST ADVERTISING CAMPAIGN OF THE YEAR.
COMING SOON! #DADTESTED
Smart Switches
Home Automation
LED Lighting
Fans & Appliances
Switchgears
Pipes & Fittings
Wires & Cables
Our Exclusive Experience Centres
www.gmmodular.com | info@gmmodular.com
Mumbai - Andheri +91 88799 18221 Lohar Chawl 022 2206 6545 Bengaluru +91 80409 71188 Belgaum +91 99453 33107 Hyderabad +91 40247 34545
Vijayawada +91 86624 99945 Jalore +91 29732 22288 Bhilwara +91 8955048560 Calicut +91 49527 73500 Noida +91 99501 52527 Kolkata +91 33406 02048
Ranchi +91 94715 55599 Tirunelveli +91 94431 51008 Patna +91 70048 36171 Coimbatore +91 99523 07025 Puducherry +91 41345 00222 Surat +91 91520 88884
International - Dubai +97 142 51 80 08 +97 143 54 40 36 Spain +34 677 62 09 45 Kenya +254729234315



# एग्जिबिशन की सफलता और गोल्ड में रिकॉर्ड का दौर

> गोल्ड की कीमतों में हाल ही में अचानक इतनी ज्यादा बढ़ोतरी होने के पीछे वैश्विक स्तर पर सबसे लीडिंग दो महाद्वीपों यूरोप व अमेरिका में छाया बैंकिंग का संकट तो कारण है ही, मगर, इसके अलावा सबसे बड़ा कारण यह है कि गोल्ड एक बहुत ही उपयोगी धातु है, जिसके कारण दुनिया के सभी देश अपनी अर्थव्यवस्था का संतुलन साधते हैं।



**सिद्धराज लोढ़ा**

गोल्ड की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी जारी है, तो सिल्वर की शाइनिंग भी लगातार बढ़ते रहने के संकेत हैं। इस बीच ज्वेलरी के दो सबसे बड़े शो जेजेएस और आइआइजेएस तृतीया को रिस्पॉन्स मिलना भी बाजार की मजबूती के संकेत दे रहा है। हम देख रहे हैं कि गोल्ड के रेट्स बढ़ने के बावजूद शादी का सीजन बढ़िया जा रहा है तथा भारतीय बाजारों में लोग सिल्वर की खरीदी भी जबरदस्त कर रहे हैं। ज्वेलरी के शो रूम्स में गोल्ड व सिल्वर दोनों ग्राहकों की भीड़ दिख रही है तथा बाजारों में ज्वेलर्स के लिए कमाई का माहौल भी लग रहा है। जेजेएस एवं आईआईजेएस तृतीया की सफलता को बाजार नए नजरिये से देख रहा है कि देश के सभी बाजारों के ज्वेलर्स मुंबई में ज्वेलर्स के दरवाजे पर दस्तक देने पहुंच रहे है। हालांकि मार्च के बीतते बीतते गोल्ड के रेट 60 हजार के पार चले जाने से ग्राहकी पर हल्का सा ब्रेक जरूर लगता दिखा, किंतु विवाह का सीजन भी चल रहा है, इस कारण ग्राहक अपनी जरूरत के मुताबिक महंगे रेट्स में भी गोल्ड खरीदते दिख रहे हैं, क्योंकि किसी को भी फिलहाल गोल्ड के रेट्स कम होने के कोई आसार नजर नहीं आते। आभूषण टाइम्स के पिछले अंक में ही हमने आपको बताया था कि गोल्ड के रेट्स आने वाले वर्ष तक 65 हजार पर पहुंच सकते हैं, आप देख ही रहे हैं कि गोल्ड केवल महीने भर में ही 54 से सीधे 62 हजार के पार पहुंच रहा है। आपके एक बहुत ही विश्वनीय प्रतिनिधि के तौर पर आभूषण टाइम्स आपको बहुत पहले ही आगाह करता रहा है कि गोल्ड व सिल्वर की कीमतें कम नहीं होगी, वे बढ़ती ही रहेगी और गोल्ड व सिल्वर कभी सस्ते नहीं होते, केवल कुछ वक्त के लिए उसकी कीमतें विश्राम जरूर ले लेती है, थोड़े से समय के लिए वे नीचे भी आ जाती है, लेकिन कुल मिलाकर गोल्ड व सिल्वर ऊपर ही जाते हैं। बाजार के जानकार इसी कारण बताते रहते हैं कि, जो लोग मंदी की आस में रहते हैं, वे कभी कमा नहीं सकते।

ज्वेलरी बाजार में खरीदी के उत्साह का आंकलन इसी से किया जा सकता है कि जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जीजेईपीसी की तीसरी एग्जिबिशन आइआइजेएस तृतीया को सफलता मिली, तथा ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिलका इंडिया जेम एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस) 7 से 10 अप्रेल तक मुंबई में सफल रहा है। बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल एग्जिबिशन सेंटर में 17 से 20 मार्च 2023 तक चली आइआइजेएस तृतीया एग्जिबिशन में देश भर से ज्वेलर्स पहुंचे तथा ज्वेलरी खरीदने के शुभ अवसर अक्षय तृतीया से एक महीने पहले, बाजार में ग्राहकी की चमक का शानदार आगाज किया। हालात दिख रहे हैं कि बाजार खिल रहा है व ग्राहकी खुल रही है। गोल्ड के रेट्स बढ़ते जा रहे हैं, फिर भी लोग खरीदी कर रहे हैं, इसी कारण ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल के पदाधिकारियों को विश्वास है कि भले ही हाल ही में बैंगलुरू मेंहाल ही में जीजेईपीसी की तीसरी एग्जिबिशन आइआइजेएस तृतीया का समापन हुआ है, फिर भी 7 से 10 अप्रेल तक मुंबई में हुए इंडिया जेम एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस एग्जिबिशन) को सफलता मिली। सही मायने में देखा जाए, तो ज्वेलरी मार्केट हर वक्त उत्साह में रहता है, क्योंकि सीजन खरीदी का है। अगर, बिक्री की संभावना ही नहीं होती, तो बाजारों में खरीदी तथा ज्वेलरी एग्जिबिशन के आयोजकों में उत्साह कतई नहीं देखा जा सकता।

कहते हैं कि जिस देश का बुलियन बाजार कमजोर है, वह देश कभी भी प्रगति नहीं कर सकता। बुलियन बाजार का अर्थ है कि गोल्ड व सिल्वर की खरीदी व बिक्री, जहां ये गतिविधियां तेजी पकड़ती है, वहां पर स्मृद्धि दिखाई देती है, लेकिन जहां पर बुलियन बाजार शांत दिखते हैं, वहां मायुसी छाई रहती है। आभूषण टाइम्स का मानना है कि गोल्ड की कीमतों में हाल ही में अचानक इतनी ज्यादा बढ़ोतरी होने के पीछे वैश्विक स्तर पर सबसे लीडिंग दो महाद्वीपों यूरोप व अमेरिका में छाया बैंकिंग का संकट तो कारण है ही, मगर, इसके अलावा सबसे बड़ा कारण यह है कि गोल्ड एक बहुत ही उपयोगी धातु है, जिसके कारण दुनिया के सभी देश अपनी अर्थव्यवस्था का संतुलन साधते हैं। ताजा संकट में सभी देश बुलियन के भंडार बढ़ा रहे हैं, इस कारण यह तेजी और बढ़ने के आसार हैं। आभूषण टाइम्स देश भर के ज्वेलरी मार्केट की सबसे प्रमुख पत्रिका है, तथा आपका हम पर भरोसा है, यह भरोसा बना रहे, यही शुभकामना।

— सिद्धराज लोढ़ा





Shringar®
HOUSE OF MANGALSUTRA

#MangalSutraForEveryOccassion

SHRNGAR NEW CORPORATE OFFICE

Jewel World, Cotton Exchange Building, Kalbadevi Road, Mumbai - 400 002

/shringarhouseofmangalsutra www.shringar.ms @shringarhom shringar.ms /shringarhom




**संपादक**
सिद्धराज लोढ़ा

**प्रबंध संपादक**
राकेश लोढ़ा

**सह संपादक**
अखिल लोढ़ा
कुणाल लोढ़ा

**डिजाइन**
रवि गोरुले
कमलाकर तावडे

**प्रिन्टर**
प्रतिक ऑफसेट, मुंबई

**सेल्स एवं ऑफिस प्रबंधक**
सुरेश बोर्ले
हरिशंकर लोधी
तुकाराम ठीक

**प्रतिनिधि**
दिनेश त्रिवेदी
08765908424

**आभूषण टाइम्स**

407, कालबादेवी रोड,
दौलत भवन, दुसरा माला,
ऑफिस नं. 203 मुंबई - 400 002.

Tel.: 022-2201 7091 / 022-2240 0338
E:mail:. aabhusantimes@gmail.com
Visit on us:. www.aabhusantimes.com

# आभूषण टाइम्स

मासिक

भारत की नं. 1 हिन्दी ज्वेलरी मैगजिन

वर्षः 16, अंकः 02, अप्रैल 2023

**6** एग्जिबिशन की सफलता और गोल्ड में रिकॉर्ड का दौर

**10** आभूषण टाइम्स के 15 साल

**14**
- नई ऊंचाइयों पर पहुंचता सोना
- इस साल मालामाल कर देंगे सोना-चांदी 20 और 30 प्रतिशत रिटर्न की उम्मीद

**16** सोना हुआ मंहगा तो घर से निकलने लगा पुराना गोल्ड, 25 फीसदी बढ़ गई सेल

**26** 2022 में सोने की तस्करी 47 प्रतिशत बढ़ी

**28** गोल्ड सबसे हाई लेवल पर
*केवल डेढ़ दशक में 10 हजार से 60 हजार पार पहुंचा गोल्ड*

**30** पाकिस्तान की GDP से 3 गुना ज्यादा सोना तो हमारी आलमारी में पड़ा, 25000 टन गोल्ड भारतीय महिलाओं के पास

**34** सिल्वर की शाइनिंग का समय
*ज्वेलरी में सिल्वर की सेल लगातार बढ़ रही*

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक लोढ़ा सिद्धराज सोहनराजजी द्वारा 407 कालबादेवी रोड, दौलत भवन, दुसरा माला, ऑफिस नं. 203, मुंबई- 2 से प्रकाशित कर प्रतिक ऑफसेट, 180 सी, गायवाड़ी, कर्नाक कंपाउंड, गिरगांव, मुंबई 400 004 से मुद्रित।


*ANIL SINGHVI* **+91 98201 81163**

*AMAN SINGHVI* **+91 9930331124**

*AAYUSH SINGHVI +91 8879717705*

AJPL

925 Silver



# Arihant

925 JEWELLERY PVT. LTD.

*The Finest Expression In Silver Jewellery*

19, L.K. Market, 1st Lane, Zaveri Bazar, Mumbai-400 002.
Tel.: +91-22-2241 2567 / 2241 2568 | Inter Com : 7251
Email: amansinghvi@yahoo.com
Website: www.arihant925jewellery.com


# आभूषण टाइम्स के 15 साल

## ज्वेलरी व्यापारियों के साथ कदम मिलाकर चलते रहने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा




राकेश लोढ़ा

**बीते कुछ वर्षों में ज्वेलरी बाजार में हम सभी ने व्यापार में मंदी, कोविड का लॉकडाउन, कभी जीएसटी का झंझट तो कभी इंपोर्ट ड्यूटी के खिलाफ तालाबंदी जैसे अनेक झटके झेले। व्यापार को नुकसान पहुंचा, तो कई व्यापारियो़ का भी बड़ा नुकसान हुआ। सन 2020 के मार्च महीने में भारत में पहुंचे कोविड की चर्चा किये बिना आभूषण टाइम्स की गाथा पूरी हो ही नहीं सकती है।**




देश के ज्वेलरी मार्केट की सबसे प्रमुख पत्रिका अपने प्रकाशन के 15 वर्ष पूरे करके आभूषण टाइम्स सोलहवें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। किसी भी समाचार पत्र या पत्रिका के जीवन मन में उसकी स्थापना अथसा शुरूआत का यह एक ऐसा दिन होता है जब वह अपने सहयोगियों, पाठकों, विज्ञापन-दाताओं आदि के लिए कृतज्ञ भाव से जुड़ाव महसूस करता है। क्योंकि इतने लंबे समय तक उनका साथ नहीं रहा होता, तो उस प्रकाशन का वहां पर पहुंचना आसान नहीं था। आज हम आभूषण टाइम्स परिवार की तरफ से सभी पाठकों व विज्ञापनदाताओं तथा शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। 15 वर्ष पूरे होने पर आज जब पीछे मुड़कर देखते हैं, तो लगता है कि वर्तमान दौर में किसी भी समाचार पत्रिका चलाना बेहद मुश्किल काम है क्योंकि सबसे पहले तो लोगों से उसका संबंध लगातार मजबूत होना चाहिए, फिर उसकी आर्थिक मजबूती बनी रहनी चाहिए अथवा कम से कम प्रकाशन का खर्च तो निकलना ही चाहिए। जब हम ये देखते हैं कि यह पत्रिका 15 साल से चल रही है तो आश्चर्य होना बहुत स्वाभाविक है। आप देखिए, जब आभूषण टाइम्स शुरु हुआ था, तब बाजार में और भी कई पत्रिकाएं थी, लेकिन कई पत्रिकाएं लगातार बंद होती गईं। लेकिन आभूषण टाइम्स लगातार आपकी सेवा में प्रकाशित होता रहा है, तथा आप सभी की आवाज बनकर सतत खड़ा है, यह हमारे लिए बेहद सुकून की बात है।

बीते कुछ वर्षों में ज्वेलरी बाजार में हम सभी ने व्यापार में मंदी, कोविड का लॉकडाउन, कभी जीएसटी का झंझट तो कभी इंपोर्ट ड्यूटी के खिलाफ तालाबंदी जैसे अनेक झटके झेले। व्यापार को नुकसान पहुंचा, तो कई व्यापारियो़ का भी बड़ा नुकसान हुआ। सन 2020 के मार्च महीने में भारत में पहुंचे कोविड की चर्चा किये बिना आभूषण टाइम्स की गाथा पूरी हो ही नहीं सकती है। क्योंकि उस दोर में जब सभी प्रकाशन बंद थे, तो आभूषण टाइम्स ने व्यापारिक संकट में सभी के कंधे से कंधा मिलाकर सबका साथ दिया, तथा हर संभव सहयोग किया। उस तकलीफ के दौर में आभूषण टाइम्स खुद भी तकलीफ झेलता हुआ भारत भर के ज्वेलरी बाजारों की मुखर आवाज बना। तेज़ी से बदलते दौर में जब ऐसे तथ्य सामने आते हैं तब हमें आज मुंबई में आभूषण टाइम्स के 15 वर्ष होने का महत्व और ज्यादा समझ में आता है, और ये भी बहुत सुखद है कि आभूषण टाइम्स के 15 वर्ष पूरे होने के दौर में ही बाजार में गोल्ड में फिर से तेजी आई है और गोल्ड 60 हजार का आंकड़ा छू रहा है। इसलिए आज के इस अवसर पर हम सिर्फ आभूषण टाइम्स की व्यापारिक पत्रकारिता के उच्च मानदंडों, बाजार के हितों को समझने वाले प्रकाशन के सरोकार से जुड़ी पत्रकारिता का ही उत्सव नहीं मना रहे हैं,




आभूषण टाइम्स हर बार अपने व्यापारियों का यह महत्व बनाने में सफल रहा है। साथियों, आज हम केवल यही कहना चाहते हैं कि आभूषण टाइम्स की यही परंपरा हमें सभी से जोड़ती रही है, तथा आगे भी यह जुड़ाव मजबूत होता रहेगा।

बल्कि ये अवसर गोल्ड की चमक के और निखरने की भी शोभा बढ़ा रहा है। बाजार के हितों की रक्षा, व्यापारियों की आवाज को बुलंदी देने के संकल्प तथा व्यापारिक जगत के जिन संस्कारों को लेकर हम चले हैं, हमें विश्वास है कि आप को जागरूक करने तथा बाजार को मजबूती देने का हमारा ये प्रयास, लगातार ऐसे ही जारी रहेगा।

साथियों, आभूषण टाइम्स सिर्फ एक समाचार पत्रिका ही नहीं है, बल्कि देश के ज्वेलरी मार्केट की एक आवाज है। आभूषण टाइम्स ज्वेलरी मार्केट का दर्शन है, गोल्ड मार्केट की अभिव्यक्ति है, तथा सिल्वर मार्केट की चमक भी यही है। जिस तरह से भारतीय ज्वेलरी उद्योग हर झंझावात के बावजूद, अटल रहा है, उसकी झलक आप आभूषण टाइम्स में भी देख सकते है। समय-काल परिस्थिति के हर बदलाव के साथ आभूषण टाइम्स ने खुद को बदला है, लेकिन व्यापारियों के हितों की मजबूती देने के अपने संकल्प से डिगा नहीं, साथ ही व्यापारियों की आवाज को बुलंदी देने के अपने मूल सिद्धांत को भी मजबूती से निभाता चला आ रहा है। हमने बाजार में अपने प्रयासों से आप सबी के बीच अपने आप को मजबूत किया है, तो आपकी सदाशयता ने भी हमारा मनोबल बढ़ाया और मुंबई से प्रकाशित ज्वेलरी मार्केट की इस नंबर वन पत्रिका ने भी बाजार में आने वाले हर नए बदलाव का दिल खोलकर स्वागत किया, तथ उसे अपनाया। महीने में एक बार से, अब डिजिटल के रूप में भी आभूषण हर रोज आप तक बाजार की बात पहुंचाता है, लेकिन याद रखिये, आभूषण टाइम्स हर दौर की नई चुनौतियों को बखूबी अपनाता रहा है। अपने मूल मार्केट की जड़ों से जुड़े हुए, अपने कृतित्व पर गर्व करते हुए, बाजार के बदलाव के साथ कदम बढ़ाते हुए कैसे आगे बढ़ा जा सकता है, आभूषण टाइम्स इसका भी ज्वलंत प्रमाण है।

आप जानते हैं कि आभूषण टाइम्स जब शुरू हुआ था तब देश भर का ज्वेलरी मार्केट कई परेशानियों के अंधेरे में उलझा था, तथा वह अंधेरा लगातार घना होता जा रहा था। ऐसे कालखंड में बाजार की गतिविधियों को सब तक पहुंचाने जैसी हिंदी भाषा में पत्रिका निकालना आसान नहीं था। आभूषण टाइम्स ने उस दौर में बाजार की गतिविधियों का सही व सच्चे तरीके से आप तक पहुंचा कर आपको कार्यों को विस्तार दिया, आपकी सेवा की इस सफलता ने हम सभी को परस्पर साथ चलने का माध्यम बनाया, फिर जीएसटी के खिलाफ बाजार खड़ा हुआ, तो व्यापारियों की लड़ाई का बहुत प्रभावी माध्यम बन गई थी। बीते दिनों की बात को पीछे छोड़कर आज हम वर्तमान दौर की बात करें, तो बाजार पर कई तरह की सरकारी पाबंदियों व सरकारी एजेंसियों के बढ़ते दखल के दौर में आभूषण टाइम्स की आने वाले दिनों में एक अहम भूमिका होने वाली है। आप देख ही रहे हैं कि बीते 15 साल से जिस हालात को हम जीते हैं, जिस हालात में हम हम हरते हैं, तथा जिस दौर को हम देखते हैं, उसके माध्यम से ही हम बाजार की गतिविधियों को निखारते हैं। इसी सोच के साथ देश भर में होनेवाली ज्वेलरी की कोई भी एग्जिबिशन हो, आभूषण टाइम्स नई सोच के साथ दुनिया भर में भारतीय बाजार की बेस्ट ज्वेलरी के निर्माण की खबरों एक छोर से दूसरे छोर, एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचाने में कामयाब रहा है।

आज आभूषण टाइम्स के 15 साल पूरे होने पर एक और पक्ष के बारे में आपसे जरूर बात करना चाहता हूं। आप भी जानते हैं कि इस पत्रिका को शुरू किया हमने और पढ़ते आप हैं, तो इसका मतलब केवल यही है कि यह आपकी पत्रिका है, हम तो केवल इसके निर्माण में सहभागी हैं। जब जब बाजार पर संकट आया तो आभूषण टाइम्स ने हर तरह से व्यापारियों की आवाज को मजबूती देने का काम किया है, तो ज्वेलरी मार्केट के सभी पुरोधाओं ने समय समय पर आभूषण टाइम्स को नई ऊंचाई देने में भी हर संभव सहयोग दिया है, इसी कारण जिस लक्ष्य के साथ आभूषण टाइम्स को 15 साल पहले शुरू किया गया था, उसको आपके




सहयोग ने मज़बूती दी, इसलिए हम आप सबके आभारी हैं। आज के माहौल में देखा जाए, तो ज्वेलरी मार्केट को देश का सबसे समृद्ध मार्केट माना जाता है, हमारे व्यारारियों की साख बहुत बड़ी होती है, किसी भी अन्य बाजार के मुकाबले गोल्ड, सिल्वर, डायमंड और हर तरह की कीमती ज्वेलरी सहित बुलियन मार्केट के व्यापारियों को अलग सम्मान के साथ देखा जाता है। ज्वेलरी का हमारा हज़ारों वर्षों का इतिहास हमें बहुत कुछ सिखाता है।

हम रोज देखते हैं कि ज्वेलरी मार्केट में व्यापार करने के लिए यहां जो भी आया, छोटा हो या बड़ा, कमज़ोर हो या बलवान, सभी को ज्वेलरी मार्केट ने अपनी गोद में फलने-फूलने का भरपूर अवसर दिया और आभूषण टाइम्स ने बेहतर तरीके से इसके कई उदाहरण पेश करते हुए बाजार की प्रतिष्ठा को उंचाई देने में अपना ईमानदार योगदान दिया है। हम आज भी अपने तरीके से अपने ज्वेलरी मार्केट को हर क्षेत्र में सशक्त करने में अपना योगदान दे रहे हैं। संख्या से हिसाब से ज्वेलरी मार्केट देश के सबसे छोटे व्यापारिक समुदायों में है, लेकिन व्यापार, सामर्थ्य और सरकारो को कमाई देनेवाले बाजार के हिसाब से बहुत बड़ा बाजार है।

आभूषण टाइम्स हर बार अपने व्यापारियों का यह महत्व बनाने में सफल रहा है। साथियों, आज हम केवल यही कहना चाहते हैं कि आभूषण टाइम्स की यही परंपरा हमें सभी से जोड़ती रही है, तथा आगे भी यह जुड़ाव मजबूत होता रहेगा। आज हम आभूषण टाइम्स के 15 वर्ष पूरे होने पर आप से एक ही बात कहना चाहते हैं कि अब तक का आपसे जो नाता रहा, उसमें जितना हमारा सेवा का भाव जरूरी रहा, उतना ही आपका सहयोग का भाव भी हमारे साथ रहा। आज बस आपसे यही आभारपूर्वक विनम्र निवेदन कि आपने अब तक जो सहारा दिया, सहयोग दर्शाया वह लगातार बनाए रखें, हम आपकी आवाज बने रहे गे, तता आभूषण टाइम्स ज्वेलरी मार्केट की बुलंदियों को मजबूती देने का अपना अभियान जारी रखेगा।




ROYAL CHAINS
PVT. LTD.

127/129, Royal House, 2nd Floor, Zaveri Bazaar, Mumbai - 400 002.
Tel.: 2311 9999, Website : www.royalchains.com

ADN

THE MARK OF GUARANTEE & CREATION




Aradhana
JEWELLERS

**Retail :** 149, Bherumal House, Ground Floor, Zaveri Bazar, Mumbai - 400 002.
Tel.: 4972 8400 / 6183 4176 Email : aradhanakirti@gmail.com | www.aradhanajewellers.com

**Wholesale :** Suite No. 204-6, 2nd Floor, 149, Bherumal, Zaveri Bazar, Mumbai - 400 002. India, Tel.: 2340 5500 / 2347 5500
Email : aradhana_jewellers@hotmail.com, www.aradhanajewellers.com

# नई ऊंचाइयों पर पहुंचता सोना



मुंबई। कीमती पीली धातु सोना नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। सोने में तेजी का रूख तो विगत 6 महीनों से ही बना हुआ था और अब अमेरिका और यूरोप में कई बड़े बैंकों के डूबने तथा अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से सोने में जोरदार तेजी आ गयी है। सुरक्षित निवेश के लिए विश्व स्तर पर सोने की मांग बढ़ गयी है। इसी कारण वैश्विक बाजार में सोना बीते सप्ताह 11 माह के उच्च स्तर 1993 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि भारतीय बाजार में तो 59,400 रुपए प्रति दस ग्राम की नई ऊंचाई पर जा पहुंचा है।


जब-जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में जोखिम बढ़ता है तो सोने की चमक बढ़ जाती है। वर्तमान में भी यही स्थिति है। रूस-यूक्रेन वार के बाद आपूर्ति प्रभावित होने और सट्टेबाजी के कारण बेकाबू हुई कमोडिटीज की महंगाई को कंट्रोल करने के लिए पिछले साल अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों ने ब्याज दरें बढ़ाने का रास्ता अपनाया तो इससे अमेरिका सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी का खतरा बढ़ रहा है। इसी वजह से सोने में तेजी आने लगी है क्योंकि सोना दुनिया में सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है।

**सिल्वर से ज्यादा गोल्ड में चमक**

विगत 6 महीनों में सोने की कीमतों में 18% का उछाल आया है और कीमतें अब नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही हैं। लंदन में सोना 300 डॉलर से अधिक बढ़कर 1993 डॉलर प्रति औंस हो गया है, जबकि भारत में 50,440 रुपए से 18% बढ़कर 59,400 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया है। सोने के साथ चांदी में भी तेजी का रूख बन गया है। दोनों धातुओं में लगभग साथ-साथ ही तेजी-मंदी आती है। चांदी में विगत 6 महीनों के दौरान 20% का उछाल आया है। लंदन में जहां चांदी 19 डॉलर से बढ़कर 22.75 डॉलर प्रति औंस हो गयी है, वहीं मुंबई में 57,000 रुपए से बढ़कर 68,650 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गयी है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर अब जिस तरह के हालात बने हैं, उसे देखते हुए इस साल सोने की कीमतों में और तेजी आने की पूरी संभावना है। वैश्विक बाजार में अब तक का सर्वोच्च स्तर 2063 डॉलर है, जो 8 अगस्त 2020 को बना था। उस दिन मुंबई में सोना 57,400 रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बिका था, जो अब 59,000 रुपए के पार हो गया है। अब इस साल 65,000 रुपए के पार होने की उम्मीद जताई जा रही है। सोने के साथ चांदी भी 73,000 रुपए प्रति किलो पहुंचने का अनुमान है। हालांकि चांदी में तेजी का जोर कम दिख रहा है।

**अब भारत में मिलेगा शुद्ध सोना**

केंद्र सरकार गोल्ड ज्वैलरी की हॉलमार्किंग में 1 अप्रैल से नए नियम लागू कर रही है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के नए नियमों के तहत अब देश में 6 डिजिट वाले अल्फ़ान्यूमेरिक कोड के बिना सोना या स्वर्ण आभूषण नहीं बिकेंगे। यानी एक अप्रैल से सिर्फ 6 डिजिट का कोड अनिवार्य होगा। पहले 3 या 4 डिजिट के कोड प्रचलन में थे। नया 6 डिजिट कोड आभूषण निर्माता और विक्रेता की जानकारी देगा तथा यह जानकारी बीआईएस के पोर्टल पर एवं हॉलमार्किंग सेंटर में रहेगी। ग्राहक भी बीआईएस केयर एप में 6 डिजिट कोड



दर्ज कर यह जानकारी ले सकेगा। अगर 6 अंकों वाला हॉलमार्क नंबर दर्ज करने पर कोई जानकारी नहीं मिले तो समझ लीजिये यह सोना नकली हो सकता है। इस कारण सरकार का यह फैसला ग्राहकों के हित में बड़ा कदम है। इससे ग्राहकों को पूरी शुद्धता के साथ सोना मिलेगा। यदि सोने के सिक्कों, बार या स्वर्ण आभूषण की मेकिंग में कोई खोट नजर आता है तो इस यूनिक हॉलमार्किंग के जरिए निर्माता और विक्रेता, दोनों का आसानी से पत्ता चल जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई में आसानी होगी।

# इस साल मालामाल कर देंगे सोना-चांदी

## 20 और 30 प्रतिशत रिटर्न की उम्मीद

नई दिल्ली। सोने ने वित्त वर्ष 2023 में काफी अच्छा रिटर्न दिया है। एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 की अवधि में सोने ने 15 फीसदी का रिटर्न दिया है। इस तरह बीते वित्त वर्ष में सोने की कीमतों में डबल डिजिट ग्रोथ हुई है। यह बताता है कि शेयर बाजारों में भारी अस्थिरता वाले समय में गोल्ड मजबूत रिटर्न देने वाला एक बेहतर विकल्प है। निफ्टी और सेंसेक्स की बात करें, तो इन्होंने बीते विर्त वर्ष में सपाट से नेगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं, सोना मैक्रोइकॉनोमिक रिस्क के बीच 15 फीसदी उछल गया। चालू वित्त वर्ष यानी 2023-24 भी सोने में रिटर्न के लिहाज से बढ़िया रहने वाला है। सोने की कीमतों में इस साल भी 15 से 20 फीसदी का रिटर्न देने की क्षमता है। वहीं, चांदी 30 फीसदी तक रिटर्न दे सकती है। पिछले दिनों एमसीएक्स पर सोना वायदा मामूली गिरावट के साथ 59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लेकिन सोने की कीमतें बीते वित्त वर्ष में 60,065 रुपये तक गई थीं। एमसीएक्स गोल्ड फ्यूचर्स की कीमतें सोने की वैश्विक हाजिर कीमतों से प्रभावित होती हैं। बीते वित्त वर्ष के 12 महीनों में सोने की घरेलू कीमतों में कुल 8,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की



बढ़ोतरी हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार इस वित्त वर्ष में सोने की कीमतों में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के रिसर्च वाइस प्रेसीडेंट जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोने के घरेलू भाव में बीते एक साल में 8,000 रुपये प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। इससे सोने की कीमतें 52,000 रुपये से बढ़कर 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गईं। जबकि निफ्टी ने इस दौरान सपाट रिटर्न दिया। इस तरह सोना एक बेहतर निवेश विकल्प साबित हुआ है। चालू वित्त वर्ष में भी सोने के लिए संकेत अच्छे हैं। सोने की कीमतों में इस साल 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

सोने के साथ ही चांदी की कीमतों में भी अच्छी तेजी देखी जा रही है। चांदी का घरेलू वायदा भाव 72,000 से ऊपर ट्रेड कर रहा है। बीते दिनों एमसीएक्स पर 5 मई 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.60 फीसदी या 43 रुपये बढ़कर 72,205 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। केडिया एडवाइजरी के सीएमडी अजय केडिया के अनुसार इस वित्त वर्ष में चांदी 30 फीसदी तक रिटर्न दे सकती है। उन्होंने कहा, चुनाव, महंगाई के साथ ही मंदी और ट्रेड वॉर्स जैसी वैश्विक चिंताओं के चलते इस साल इक्विटी मार्केट्स में 5-6 फीसदी ही ग्रोथ देखने को मिलने की उम्मीद है। वहीं, दूसरी तरफ सोना 12 फीसदी और चांदी 30 फीसदी रिटर्न दे सकती है।

# HOUSE OF SILVER EMPORIUM

SILVER · GOLD · DIAMONDS · GIFTS

गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए स्टाफ चाहिए, अच्छी सैलरी और कमिशन दोनों दिया जायेगा।

## FROM ALL OUR BRANDS

SILVER EMPORIUM
India's most preferred silver manufacturer for generations

GIRVÁAN
A STORY of GOLD

JOOLRIE EMPORIUM
Luxury Diamond Jewellery

GOLD EMPORIUM
Exquisite Temple Jewellery

Rosebay Gifts
PREMIUM GIFTING SOLUTIONS
Forever... Whenever...

- Large format Stores | Assured Quality | Exclusive Collection
- 925 Hallmarked Silver Articles and Jewellery
- 990 Hallmarked Silver Coins and Bars
- Now available on amazon




***Visit our Showrooms:***

***Head Office:***

232/234, Chamber Bhavan, 1st Floor, Kalbadevi Road, Mumbai - 400 002.

**Branch**

Shop No. 4A/5A, GF, Siddharth Building, Factory Lane,
Off L.T. Marg, Borivali (W), Mumbai - 400 092.

www.silveremporium.in

91-22-6157 0000

**MUMBAI | JAIPUR | BENGALURU | CHENNAI | HYDERABAD**

# सोना हुआ मंहगा तो घर से निकलने लगा पुराना गोल्ड, 25 फीसदी बढ़ गई सेल

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। सोने की कीमत पहली बार 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई है। यह गोल्ड में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। गोल्ड को सुरक्षित निवेश माना जाता है। 20 मार्च को मल्टी कमोडिटी इंडेक्स (MCX) पर पांच अप्रैल की डिलीवरी वाला सोना करीब 970 रुपये यानी 1.61 फीसदी की तेजी के साथ 60,338 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इससे पहले एमसीएक्स पर इसका ऑल टाइम हाई 58,847 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इधर सोने के दाम बढ़ते ही पुराने गोल्ड की बिक्री बढ़ गई है। पुराने गोल्ड की बिक्री में 25 फीसदी इजाफा हुआ है। सोने की कीमतों में तेजी के चलते पुराने गोल्ड की बिक्री में उछाल आया है। ज्वेलर्स और गोल्ड रिफाइनर्स के मुताबिक, सोने की कीमतें 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गई हैं। पुराने सोने की बिक्री साल-दर-साल आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ी है। एसोसिएशन ऑफ गोल्ड रिफाइनरीज एंड मिंट्स के पूर्व सचिव जेम्स जोस के मुताबिक, दक्षिण भारत में कुछ लोग पुराने सोने के बदले नए सोने का आदान-प्रदान कर रहे हैं, जबकि कुछ सोने के बदले कैश ले रहे हैं। उत्तर भारत में यह चलन पहले शुरू हो गया था। जोस के मुताबिक, आमतौर पर फरवरी और मार्च सोने के कारोबार के लिए कमजोर महीने होते हैं। दरअसल इन दिनों लोगों को अपने बच्चों के कॉलेज में दाखिले के लिए पैसों की जरूरत होती है। इसलिए, वे सोने पर कम खर्च करते हैं। सोने की कीमतों में उछाल की वजह से पुराने सोने को बेचने के लिए लोग निकल पड़े हैं।

इस वजह से ज्वेलरी मार्केट्स में लंबी कतारें लग रही हैं। वित्तीय वर्ष भी कुछ ही दिन में खत्म होने वाला है। ऐसे में लोगों को टैक्स बचाने वाले प्रोडक्ट में निवेश करना है और इनकम टैक्स का भुगतान भी करना है।

**सोने की कीमतों में तेजी आने के साथ पुराने गोल्ड की बिक्री में भी उछाल आया है। पुराने सोने की बिक्री 25 फीसदी तक बढ़ गई है। लोग जमकर पुराना सोना बेच रहे हैं। सोने को निवेश का सबसे अच्छा विकल्प माना जाता है। देश में लोग सोने में खूब निवेश भी करते हैं।**



# प्रॉपर्टी हो या शेयर मार्केट सबको कच्चा चबा गया गोल्ड

नई दिल्ली । अमेरिका में आए बैंकिंग संकट ने सोने की कीमतों में आग लगा दी है। पिछले दिनों में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था। सोने की कीमतें अपने ऑल टाइम हाई लेवल को छूने की ओर बढ़ रही थी। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोना 60 हजार के लेवल के करीब पहुंच गया था। सोना ही नहीं चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त उछाल है। वैश्विक स्तर पर भी सोने-चांदी में काफी असामान्य उछाल दर्ज किया गया है। सोने की कीमतों ने पिछले पांच महीनों में शानदार रिटर्न दिया है। एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 21 अक्टूबर, 2022 को 50,703 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस तरह पिछले 5 महीने में सोना 8,680 रुपये प्रति 10 ग्राम उछल चुका है। अगर किसी ने 5 महीने पहले सोना खरीदा होता, तो अब तक उसे 17 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न मिल जाता। वहीं, चांदी में भी पिछले 5 महीने में जमकर तेजी आई है। 14 अक्टूबर, 2022 को एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव 58,122 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। इस तरह इसमें 10,379 रुपये प्रति किलोग्राम का उछाल आ चुका है। अगर किसी ने 5 महीने पहले चांदी खरीदी होती तो अब तक 17 फीसदी से अधिक का रिटर्न कमा लेता।





• NITESH JAIN
+91 97689 66690

• VIKRANT JAIN
+91 99304 11887

Swarna Kalash
JEWELS

AUTHORISED DISTRIBUTORS OF
ZAR BANGLES

126-128, Trimurti Market, Office No. 6, Ground Floor,
Shaikh Memon Street, Zaveri Bazar, Mumbai - 400 002
swarnakalashjewels@gmail.com
Tel.: 022 6183 4469 (Inter Com: 4469)




**Largest Toyota Dealership In Mumbai**

Sales - Kurla | Bandra | Lower Parel | Breach Candy | **Service** - Kurla | Reay Road

022 4243 1999 | +91 98197 97976 | **www.madhubantoyota.co.in**

DL LAKHANI

*Beyond Celebrations...*



*With Best Compliments From*

- LAKHANI CATERERS
- LAKHANI TRADERS
- LAKHANI CATERING
- LAKHANI HOSPITALITY
- NITYA INC

LD Lakhani Decorator

**Dewang Lakhani**
9819384241

**Rajesh Lakhani**
9820084241

**OUR PANEL :** • **SAYA RESORT** (BHIWANDI) •**TULIP STAR** (JUHU, VILE PARLE W) •**NSCI**(WORLI) • **QUEENS LAWN** (BORIVILI W)

**OUR ASSOCIATES** • **BAYVIEW** (MAZGAON) • **KUTCHI GROUND** (BORIVILI W) • **PARSEE GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **KORA KENDRA GROUND** (BORIVILI W) • **WILSON GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **PUSPANJALI GROUND** (BORIVILI W) • **ISLAM GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **SRPF GROUND** (JOGESHWARI E) • **SOMAIYA GROUND** (GHATKOPAR) • **JVPD** (JUHU,VILE PARLE W)

**MOGRA** Banquet by D Lakhani Hospitality / Rajiv Gandhi Institute, Versova Link Road, (Andheri West).




**BANQUET • CATERING • DECOR • HOSPITALITY**






**LAKHANI BANQUET**

Managed By D Lakhani Hospitality
(Malad West)

Address: Office No 6, 1st Floor, kutch Castle Building, Opp.Tiwari Sweets,Opera House, Mumbai - 400004.

Follow Us On D LAKHANI HOSPITALITY http://dlakhanihospitality.com/


carron
ready made garments
Fits for
FAMILY
Kalbadevi, Kemps Corner, Kalyan (Mumbai)
Contact Number : +91 8866435435
carronclothing
carronfashion




# Hon'ble Karnataka Minister Dr. Murugesh R. Nirani inaugurates the 1st Edition of IIJS Tritiya

India's apex body,The Gem & Jewellery Export Promotion Council (GJEPC) presents India International Jewellery Show - IIJS Tritiya – in Southern India at the Bangalore International Exhibition Centre (BIEC) from 17th to 20th March 2023 – a month prior to Akshaya Tritiya, the auspicious gold jewellery-buying festival. IIJS Tritiya follows the stupendous success of IIJS Premiere - Bengaluru 2021, which revealed the latent potential of Southern region.

The inauguration of IIJS Tritiya 2023 was graced by Dr. Murugesh R. Nirani, Minister for Large and Medium Industries, Government of Karnataka (Chief Guest); and Shri T. S. Kalyanaraman, Managing Director of Kalyan Jewellers (Guest of Honour); along with Shri Vipul Shah, Chairman, GJEPC; Shri Kirit Bhansali, Vice Chairman, GJEPC; Shri R. Arulanandan, Director of the Department of Commerce; Shri Suresh Kumar Ganna, President, Jewellers Association Bengaluru; Shri Nirav Bhansali, Convener, National Exhibitions, GJEPC; Shri Sabyasachi Ray, ED, GJEPC along with others.

Dr. Murugesh R. Nirani, Minister for Large and Medium Industries,



Government of Karnataka, said, “Karnataka is one state with multiple opportunities and possibilities and Bangalore is the epicenter of South India's domestic and international trade. After establishing leadership position in technology, IT services, software, electronic manufacturing services, mobile phone handsets and semi-conductors, we are now aspiring to enhance our gem &jewellery business as this industry contributes significantly to India's exports. The upcoming gem &jewellery park in Karnataka will become a significant hub of South India and generate more than 1 lakh jobs.”

Guest of Honour Shri T. S. Kalyanaraman, Managing Director of Kalyan Jewellers, said, “The gem &jewellery business undergoes constant evolution and participating in IIJS shows regularly has helped in keeping us updated with the times. IIJS Tritiya is a great opportunity for South Indian entrepreneurs in the gem &jewellery business to make their mark and connect to international and domestic buyers. I remember how I started off as a third-generation entrepreneur three decades back and have finally reached this stage today thanks to the support and initiatives of GJEPC.”


Mr. Vipul Shah, Chairman, GJEPC said, “IIJS Tritiya is poised to act as a catalyst for further advancement of the gem and jewellery industry in Karnataka, benefiting both manufacturers and retailers. We are already witnessing a surge in exports from this state. From April 2022 to February 2023, the gem and jewellery exports from Karnataka experienced a remarkable growth of

169%, reaching USD 150.33 million, as compared to last year. The show presents exporters from southern India the opportunity to take their business to the next level. Currently India's overall gem &jewellery exports account for USD 40 billion and our goal is to reach USD 75 billion exports by 2030." "This exhibition not only offers exhibitors a chance to showcase their products but also provides them with invaluable insights into the diverse markets and their ever-changing tastes and trends," adds Shah. GJEPC and Jewellers Association Bengaluru (JAB) also signed an MoU during the inauguration with an objective of working towards the enhancement and development of jewellery manufacturing and trade in Karnataka.

Speaking on the collaboration with Jewellers Association Bengaluru, Vipul Shah said, "GJEPC is supporting the Jewellers Association Bengaluru, in setting up a Jewellery Park in Karnataka. Discussions are underway with the state Government regarding the allocation and finalisation of land for the project. This initiative aims to offer efficient assistance to jewellery manufacturers and traders seeking to expand their operations in the state of Karnataka. The project is expected to generate 1 lakh additional jobs in the sector for the people of Karnataka."

Mr. Kirit Bhansali, Vice Chairman, GJEPC, said, "GJEPC is grateful to Dr. Murugesh R. Nirani, Minister for Large and Medium Industries, Karnataka, for his vision and support to increasing gem &jewellery exports. Since its inception 38 years ago, IIJS has surpassed its role as a conventional exhibition and has become the primary national platform for the Indian jewellery manufacturing industry to network with global retailers."

Shri Nirav Bhansali, Convener, National Exhibitions, GJEPC, said, "IIJS, as a B2B platform, has been instrumental in promoting and developing the gem &jewellery business







in India. IIJS Tritiya along with Signature and Premiere, are likely to generate business of over Rs. 1 lakh Crore in 2023. We are also targeting to plant 1 lakh trees this year under the "One Earth" initiative towards our ultimate aim of making all our shows carbon-neutral." IIJS Tritiya, the third exhibition under the IIJS banner, features more than 800 exhibitors and over 1,500 stalls spread across Halls 4 and 5, covering an area of 45,000 square meters.

The event is expected to attract over 15,000 trade visitors from 600 cities and will showcase a wide range of products, including gold and gold CZ studded jewellery, diamond, gemstone and other studded jewellery, silver jewellery, artefacts, and gifting items, loose stones, lab-grown diamonds, as well as laboratories and educational resources. Based on the feedback from visitors and exhibitors, IIJS Tritiya show timings have been adjusted from 11:00 am to 8:00 pm. Innov8 Talks, a knowledge exchange forum, will feature a range of topics including a masterclass for quality management titled Kaizen Practitioner; the power of story telling; Cyber Crime-The New Threat to your Business. New features at IIJS Tritiya 2023 also include LaunchPad exclusive product launch area. IIJS Tritiya boasts several notable features, including affordable five-star and budget hotels, self-operated touch screen information kiosks, mobile charging stations, shuttle services to and from official hotels, metro stations, and airports, buggy services within the venue, and cafeteria, specially designed cafés, etc.







Reinventing Traditions

Embrace the beauty of our Glamarous Mangalsutra

VIERA®

CZ JEWELLERY

